फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली
ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म 2024 - 25

1. फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक एवं परास्नातक अध्ययन कार्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन मोड पर संपादित होगी।
2. प्रवेशार्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के 'एडमिशन पेज' पर जाकर, लखनऊ विश्वविद्यालय पंजीकरण संख्या (LURN) 'जेनरेशन सिस्टम पर पंजीकरण कराकर अपनी LURN संख्या प्राप्त करके LURN संख्या को फ़ीरोज़ गांधी कालेज, रायबरेली के ऑनलाइन प्रवेश फार्म में निर्धारित स्थान पर अनिवार्यतः भरना है। LURN संख्या के बिना प्रवेश आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. प्रवेशार्थी फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली की आधिकारिक वेबसाइट (https://fgc.edu.in) के होमपेज के "ऑनलाइन एडमिशंस" ("Online Admissions") बटन पर जाकर तथा ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल में दिए गए निर्देशों का पालन करके तथा निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करके प्रवेश फ़ॉर्म भर सकते हैं।
4. महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (https://fgc.edu.in) पर ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल, सायंकाल, दिनांक 27 मई, 2024, दिन सोमवार से कार्य करना प्रारंभ करेगा।
5. ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म भरने के लिए प्रवेशार्थी के पास निम्न का होना आवश्यक है:
   (i) एक मोबाइल नंबर (ओ०टी०पी० के सत्यापन हेतु)
   (ii) एक ई० - मेल
6. ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म के साथ अपलोड किए जाने वाले आवश्यक संलग्नकों को अपलोड करने हेतु सुविधा की दृष्टि से, प्रवेशार्थियों द्वारा पहले से ही निम्न प्रपत्रों की प्रतियों को अपने मोबाइल अथवा डेस्कटॉप/लैपटॉप पर तैयार रखना चाहिए:
   (i) 2.5 इंच x 3.5 इंच आकार की अपनी एक पासपोर्ट फोटोग्राफ की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।
   (ii) अपने हस्ताक्षर की इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।
   (iii) अपने आधार कार्ड की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।
   (iv) हाई स्कूल/कक्षा 10 की मार्कशीट की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।
   (v) इंटरमीडिएट/कक्षा 12 की मार्कशीट की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।
   (vi) अपने आरक्षण के दावे के समर्थन में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST)/अन्य पिछड़े वर्ग (OBC)/आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (EWS)/आय प्रमाण पत्र

FEROZE GANDHI COLLEGE, RAE BARELI

(Estd.: 1960)

A UP Government Aided Post Gradute College associated with the University of Lucknow

ज्ञान, शांति एवं प्रगति
Knowledge, Peace and Progress

फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली
ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म 2024 - 25

(गैर- क्रीमी लेयर अन्य पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थियों हेतु)/विकलांग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पाल्य/भूतपूर्व सैनिक के प्रमाण पत्रों की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में)।

7. जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश फ़ॉर्म ऑनलाइन भरने से पूर्व ही महाविद्यालय के काउंटर से हार्ड कॉपी प्रवेश विवरण पत्रिका क्रय किया है उनके द्वारा प्रवेश विवरण पत्रिका के मुख्य पृष्ठ, जिस पर प्रवेश विवरण पत्रिका की संख्या मुद्रित है, की स्कैन्ड इमेज (अधिकतम 100 Kb फाइल- आकार में) को भी, ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म में निर्धारित स्थान पर अपलोड किया जाना है।
8. प्रवेशार्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.fgc.edu.in) पर सीधे जाकर निर्धारित शुल्क का आनलाईन भुगतान करके भर सकते हैं। ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म भरने के उपरांत, प्रवेशार्थियों को ऑनलाइन फ़ॉर्म की प्रिंट आउट प्रति, समस्त संलग्नकों की प्रतियों के साथ, दिनांक 30 जून, 2024 तक महाविद्यालय के काउंटर पर जमा करना है। ऐसे प्रवेशार्थियों को प्रवेश विवरण पत्रिका की सॉफ्ट प्रति, ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म भरते समय उनकी ई०- मेल पर प्राप्त होगी तथा जब ऐसे प्रवेशार्थी ऑनलाइन भरे गए प्रवेश फ़ॉर्म की प्रिंट आउट प्रति महाविद्यालय काउंटर पर जमा करने आएंगे उस समय उनको प्रवेश विवरण पत्रिका की हार्ड कॉपी निःशुल्क प्रदान कर दी जाएगी।
9. जो प्रवेशार्थी, सीधे ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म न भरकर, पहले महाविद्यालय के काउंटर से हार्ड कॉपी प्रवेश विवरण पत्रिका का क्रय करते हैं, उनके द्वारा भी प्रवेश आवेदन पत्र बिना किसी अतिरिक्त शुल्क का भुगतान किये हुए ऑनलाइन भरा जाना है तथा उसके उपरांत समस्त संलग्नकों के साथ, ऑनलाइन भरे गए प्रवेश फ़ॉर्म की प्रिंट आउट प्रति दिनांक 30 जून, 2024 तक महाविद्यालय काउंटर पर जमा किया जाना है।
10. प्रवेशार्थियों को प्रवेश विवरण पत्रिका का प्रवेश फार्म का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन अथवा आफिस ऑफलाइन मोड पर मात्र एक बार ही जमा करना है।
11. फीरोज गांधी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.fgc.edu.in) पर ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने में किसी प्रकार की अपरिहार्य तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म न भरे जा सकने की स्थिति में, प्रवेशार्थी हार्ड कॉपी प्रवेश आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 16.06.2024 से दिनांक 30.06.2024 के मध्य महाविद्यालय काउंटर पर जमा कर सकते हैं।
12. महाविद्यालय के काउंटर से हार्ड कॉपी प्रवेश विवरण पत्रिका मिलने एवं ऑनलाइन भरे प्रवेश फ़ॉर्म की प्रिंट आउट प्रति जमा काउंटर पर जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 30 जून, 2024 है।
13. ऑनलाइन प्रवेश फ़ॉर्म भरने हेतु हेल्पडेस्क नंबर: 9307460004 (प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार, 10:30 पूर्वाह्न से 05:30 सायंकाल तक)